विद्रोही हमले का मुकाबला करने की कार्यवाही पर अधिक बल दिया जाता है क्योंकि इसका हमारे से अधिक सम्बन्ध है।

नागालैण्ड में राजनीतिक नजरबन्द व्यक्तियों की रिहाई की मांग

273. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या गृह मंत्री 16 नवम्बर, 1977 के अतारांकित प्रश्न संख्या 567 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कुछ राजनीतिक दलों ने नागालैण्ड में सभी राजनीतिक नजरबन्द व्यक्तियों को रिहा करने की मांग की है ;

(ख) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों के सम्बन्ध में नागालैण्ड, मिजोरम, मेघालय, और अन्य समीपवर्ती राज्यों में कितने व्यक्ति गिरफ्तार किये गये; और

(घ) उन पर किस प्रकार के मुकदमें दायर किये गये हैं और उनमें से अब तक कितने व्यक्तियों को रिहा कर दिया गया है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री धनिक लाल मण्डल) : (क) से (घ) सूचना एकत्रित की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

'अवन्तिका' दैनिक समाचार पत्रिका को अखबारी कागज का कोटा

274. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस समय उज्जैन के 'अवन्तिका' दैनिक समाचार-पत्र की 1500 प्रतियां रोजाना निकलती हैं जब कि उसे दिया जाने वाला अखबारी कागज का कोटा 10,000 प्रतियों के लिए है, यदि हां, तो क्या सरकार का विचार उसके सभी प्रकार के पार्सलों का घटना स्थल पर जांच करने का है; और

(ख) क्या इस दैनिक समाचार-पत्र का अखबारी कागज का कोटा बम्बई की एक एजेंसी के माध्यम से मिलता है और फिर इस एजेंसी के माध्यम से वह अखबारी कागज को भारी मात्रा में बेचता है, यदि हां, तो उसे 1974-75, 1975-76, 1976-77 और 1977-78 में वर्षवार अखबारी कागज का कितना कोटा दिया गया और इस एजेंसी के माध्यम से उसके द्वारा कितनी मात्रा में अखबारी कागज बेचा गया ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवाणी) : (क) वर्ष 1976 की प्रति प्रकाशन दिवस 5342 प्रतियों की परिचालन संख्या के दावे की तुलना में, सरकार ने 5 जुलाई, 1977 के दिन की 'अवन्तिका' की परिचालन संख्या 2,000 प्रतियां आंकी हैं। चालू लाइसेंसिंग वर्ष के लिए अखबारी कागज की हकदारी तदनुसार तय की गई है।

(ख) सरकार समाचारपत्रों की अखबारी कागज की हकदारी तय करती है। अखबारी कागज राज्य व्यापार निगम या नेपा मिल्स के माध्यम से जारी किया जाता है। सरकार किसी समाचारपत्र की ओर से अखबारी कागज उठाने के लिए किसी प्राइवेट एजेंसी को प्राधिकार-पत्र जारी नहीं करती। उक्त पत्रिका को अखबारी कागज का आवन्टन निम्नानुसार किया गया था :—

	मीट्रिक टन
1974-75	15
1975-76	10
1976-77	35
1977-78	21.48